प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 04.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस और प्रशासन को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिएं
- अंतर्राष्ट्रीय पत्थर उद्योग प्रदर्शनी स्टोन मार्ट–2026 कल से जयपुर में–20 देशों के साढे चार सौ से अधिक प्रतिनिधि जुटेंगें
- भारत अमेरीका व्यापार समझौते और टैरिफ घटने से प्रदेश के निर्यातकों में उत्साहं
- विश्व कैंसर दिवस आज–दुनियाभर में इस रोग के प्रति जागरूकता और रोकथाम के लिए विभिन्न कार्यक्रमं

00000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस और प्रशासन को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं कल मुख्यमंत्री निवास पर गृह विभाग की उच्चस्तरीय बैठक मे श्री शर्मा ने कहा कि नशे के कारोबार में लगे गिरोह के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जायें मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे की समस्या को जड से मिटाने के लिए इससे जुडी आपूर्ति श्रृंखला को चिन्हित करते हुए विशेष निगरानी रखी जायें इसके साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता सुनिश्चित की जायें श्री शर्मा ने कहा कि नशीले पदार्थो से जुडे संगठित गिरोह के नेटवर्क को तोडने के लिए विशेष कार्य योजना बनाई जायें इस बीच कल जयपुर में एनएसयूआई की ओर से नशामुक्ति के लिए छात्र संवाद रखा गयां ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कार्यक्रम में शिरकत कीं उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और सशक्त भारत के निर्माण में सहयोग का आह्वान कियां

0000

राज्य विधानसभा के बजट सत्र में आज राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा जारी रहेगीं इसके साथ ही सदन के पटल पर विभिन्न अधिसूचनाएं और वार्षिक प्रतिवेदन रखे जायेंगें उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी राजस्थान जन आधार प्राधिकरण का वार्षिक प्रतिवेदन रखेंगीं खाद्य मंत्री सुमित गोदारा राजस्थान राज्य अल्पसंख्यक आयोग की सालाना रिपोर्ट सदन में पेश करेंगें 6 से 10 फरवरी तक राज्य विधानसभा में अवकाश रहेगां राज्य का बजट 11 फरवरी को पेश किया जा सकता हैं

0000

अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी स्टोन मार्ट 2026 कल से जयपुर में शुरू होगीं जेईसीसी में 8 फरवरी तक चलने वाले इस आयोजन में साढे चार सौ से अधिक प्रदर्शक भाग लेंगें प्रदर्शनी में बीस देशों के पत्थर उत्पादक, निर्यातक, खरीदार, विशेषज्ञ, आर्किटेक्ट्स और पत्थर उद्योग के प्रतिनिधि शामिल होंगें उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड ने बताया कि इसमें एक जिला एक उत्पाद के तहत राजस्थान के चयनित पत्थर उत्पादों के लिए एक विशेष पेवेलियन बनाया गया हैं उन्होंने बताया कि इस दौरान जयपुर आर्किटेक्चर फेस्टिवल का भी आयोजन होगां

0000

प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने बहरोड के पूर्व निर्दलीय विधायक बलजीत यादव को गिरफ्तार किया हैं ईडी ने उन्हें शाहजहांपुर टोल प्लाजा दिल्ली जयपुर हाईवे पर हिरासत में लिया था और पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लियां उन पर एमएलए फंड से तीन करोड़ रूपये से अधिक की राशि के दुरूपयोग का आरोप हैं

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सालाना कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के लिए इस बार साढे चार करोड़ से अधिक प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया हैं इस रिकॉर्ड पंजीकरण में विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक शामिल हैं प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लोगों से 6 फरवरी को होने वाले इस कार्यक्रम से

जुडने का आग्रह किया हैं प्रदेश में भी इस कार्यक्रम की उत्सुकता से प्रतीक्षा की जा रही हैं श्रीगंगानगर के सादुल शहर की छात्रा ने कहा कि ये कार्यक्रम प्रेरणादायी और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला हैं

....

0000

भारत अमेरीका के बीच व्यापार समझौते और टैरिफ घटने की घोषणा से कारोबारी जगत में उत्साह हैं उद्योग और व्यापार से जुडे लोगों का मानना है कि अमेरीका की ओर से भारत पर टैरिफ कम कर 18 प्रतिशत करने का ऐलान अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत हैं वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ऐतिहासिक व्यापार समझौते को साझा समृद्धि का मार्ग बताया हैं उन्होंने कहा कि ये समझौता समान विचारधारा और निष्पक्ष व्यापार करने वाले लोकतंत्रों की शक्ति को दर्शाता हैं श्री गोयल ने कहा कि इससे देश के औद्योगिक क्षेत्र को मजबूती मिलेगीं

....

राजधानी जयपुर में भारत–अमेरीका व्यापार समझौते के असर को लेकर निर्यातको की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कहा गया कि ये ट्रेड डील दोनो देशों के संबंधों को नया आकार देगी और विकसित भारत की यात्रा को गति देगीं

0000

प्रदेश के कोटा और उदयपुर संभाग तथा आस पास के क्षेत्र में आज हल्की से मध्यम बारिश की संभावना हैं मौसम विभाग के अनुसार इन संभागों में कहीं–कहीं ओले भी गिर सकते हैं इस बीच आज हनुमानगढ़, भरतपुर और सीकर सहित कई जिलों में घने कोहरे के करण दृश्यता काफी कम दर्ज हो रही हैं

0000

आज विश्व कैंसर दिवस हैं दुनियाभर में इस दिन कैंसर रोग के प्रति जागरूकता और रोकथाम तथा निदान के विकल्पो के बारे में कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं कैंसर दिवस की इस वर्ष की थीम युनाइटेड बाय यूनिक रखी गई हैं कैंसर रोग के उपचार में सर्जरी, कीमोथैरेपी, रेडिएशन और इम्यूनो थैरेपी शामिल हैं प्रदेशभर में आज कैंसर जागरूकता के संबंध में कार्यक्रम रखे गये हैं कैंसर सर्वायवर रेशमा खान ने बताया कि सही ईलाज परिवार और मित्रों के सहयोग तथा मानसिक मजबूती से इस बीमारी को हराया जा सकता हैं

0000

राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद की ओर से विभिन्न खेल अकादमियों में प्रवेश के लिए चयन ट्रायल कल से जयपुर में शुरू हुएं ये ट्रायल एसएमएस स्टेडियम में हो रहे हैं क्रीडा परिषद की सचिव नीतू बारूपाल ने बताया कि पहले दिन हैंडबॉल, साईक्लिंग और कुश्ती के लिए चयन स्पर्धा हुईं इनमें करीब ढाई सौ खिलाडियों ने भाग लियां

0000